**POLICE COMMISSIONERATE**

**PRAYAGRAJ**

# सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 11.08.2025

## थाना माण्डा पुलिस टीम द्वारा आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने की वांछित 01 अभियुक्ता गिरफ्तार

थाना माण्डा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय से संबंधित मु0अ0सं0-64/23 धारा-306 भादवि में करीब दो वर्षो से फरार नामजद वांछित अभियुक्ता गीता कोल पुत्री स्व0 रामलाल कोल निवासी ग्राम वार्ड नं0 7 सगराकला थाना हनुमना जनपद रीवा म0प्र0 को आज दिनांक-11.08.2025 को मुखबिर की सूचना पर कोरांव रोड पर गिरधरपुर से आगे कमलेश के गैराज के पास थाना क्षेत्र माण्डा से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक-07.04.2023 को मुकदमा वादी सुरेश कुमार पुत्र कमलेश कुमार निवासी ग्राम भरथीपुर (गिरधरपुर) थाना माण्डा जनपद प्रयागराज की तहरीर बाबत विपक्षीगण द्वारा वादी की माता को मारना-पीटना एवं वादी की मां को पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका दिये जाने के सम्बन्ध में दिया गया। उक्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-64/23 धारा-302 भादवि बनाम 1.कमलेश कुमार पुत्र अज्ञात निवासी भरथीपुर (गिरधरपुर) थाना माण्डा प्रयागराज 2. गीता देवी पत्नी/पता अज्ञात 3. दो व्यक्ति नाम पता अज्ञात, के विरूद्ध पंजीकृत कराया गया। साक्ष्य संकलन व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अभियोग में धारा-302 भादवि का लोप करते हुए धारा-306 भादवि की बढोत्तरी की गयी। पूर्व में दिनांक-10.04.2023 को अभियुक्त कमलेश

कुमार पुत्र सुरेश कुमार उपरोक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। आज दिनांक-11.08.2025 को नामजद वांछित अभियुक्ता गीता कोल उपरोक्त को थाना क्षेत्र माण्डा से गिरफ्तार किया गया।

## पूछताछ का विवरण-

अभियुक्ता गीता कोल उपरोक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि मैं अपनी माँ के साथ बब्बू मिश्र के भट्टे पर काम करती थी वही पर मेरी मुलाकात कमलेश से हुई जो ट्रैक्टर चलाता था। मेरी दोस्ती हो गयी। मैं एक दो बार उसके घऱ गयी। कमलेश की पत्नी को जब मेरी दोस्ती के बारे में पता चला तो उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया जिससे कमलेश जेल चला गया। मैं डर के मारे वहां से भाग गयी थी और यहां-वहां छिप कर काम करती रही।

## गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण-

गीता कोल पुत्री स्व0 रामलाल कोल निवासी ग्राम वार्ड नं0 7 सगराकला थाना हनुमना जनपद रीवा म0प्र0, उम्र करीब 35 वर्ष।

## संबंधित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0-64/23 धारा-306 भादवि थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।

## गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 चन्द्रपाल सिंह, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. म0उ0नि0 सोनिका विश्वकर्मा, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. का0 अंकित यादव, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।

# थाना खुल्दाबाद पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार

थाना खुल्दाबाद पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के पंजीकृत मु0अ0सं0 51/2025 धारा 108 बी0एन0एस0 के वांछित अभियुक्त साहिल सोनकर पुत्र मनोज कुमार सोनकर उर्फ काली बाबू सोनकर निवासी- 67सी /9 हिम्मतगंज थाना खुल्दाबाद प्रयागराज को आज दिनांक 11.08.2025 को लीडर रोड प्रयागराज जंक्शन गेट नं0 02 के पास से थाना क्षेत्र शाहगंज से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियक्त का विवरण-**

साहिल सोनकर पुत्र मनोज कुमार सोनकर उर्फ काली बाबू सोनकर निवासी- 67सी /9 हिम्मतगंज थाना खुल्दाबाद प्रयागराज, उम्र करीब 25 वर्ष।

.

**आपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0सं0 190/2023 धारा 376/323/504/506 भा0द0वि0 थाना खुल्दाबाद कमिश्नरेट प्रयागराज।

2.मु0अ0सं0 51/2025 धारा 108 बीएनएस थाना खुल्दाबाद कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम -**

1.उ0नि0 नगेन्द्र कुमार, थाना खुल्दाबाद कमिश्नरेट प्रयागराज।

2.उ0नि0 राजेन्द्र यादव, थाना खुल्दाबाद कमिश्नरेट प्रयागराज।

3.उ0नि0 अमन गोंड, थाना खुल्दाबाद कमिश्नरेट प्रयागराज।

4.का0 अजीत कुमार, थाना खुल्दाबाद कमिश्नरेट प्रयागराज

# थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय के पंजीकृत मु0अ0स0 49/2025 धारा 115(2) /109(1) /352 बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त रानू राहुल सामंत पुत्र राहुल सामंत निवासी 56/71 मीरगंज चौक थाना कोतवाली जनपद प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर आज दिनाँक 11.08.2025 को पोस्ट आफिस बच्चा जी की कोठी के पास थाना क्षेत्र कोतवाली से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

रानू राहुल सामंत पुत्र राहुल सामंत निवासी 56/71 मीरगंज चौक थाना कोतवाली क्षेत्र जनपद प्रयागराज उम्र करीब 31 वर्ष

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0स0 49/2025 धारा 115(2)/109(1)/352 बी0एन0एस0 थाना कोतवाली कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 सुमित त्रिपाठी चौकी प्रभारी बादशाहीमंडी थाना कोतवाली कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 गया प्रसाद पाण्डेय थाना कोतवाली कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. का0 भीष्म शुक्ला थाना कोतवाली कमिश्नरेट प्रयागराज।